महत्वपूर्ण एवं खास

समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजूकेटर पद के लिए मेरिट सूची जारी, जिले के वेबसाईट पर कर सकते है अवलोकन

रायगढ़। समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजूकेटर के पद पर भर्ती के लिए विगत दिनों आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों पत्रों का परीक्षण कर पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया। तत्पश्चात दावा-आपत्ति मंगाये गये थे। प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात पात्र आवेदकों की मेरिट सूची जारी की गई है। जिसे जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है। अंतिम रूप से पात्र आवेदकों के मेरिट सूची के अनुसार मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाये जायेंगे। प्रमाण-पत्र सत्यापन के लिए तिथि व स्थल की जानकारी दी जाएगी। बुलाए गए आवेदक समस्त मूल दस्तावेजों व एक सेट सत्याप्रति प्रमाण-पत्रों सहित उपस्थित होंगे। सत्यापन के लिए उपस्थित आवेदकों के सत्यापन उपरांत नियुक्ति आदेश जारी की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

रायगढ़ में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम मॉडल कॉलेज अगले शिक्षा सत्र से

रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के पश्चात स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कॉलेज भी खुलने जा रहा है। रायगढ़ जिले में पहला कॉलेज अगले शिक्षा सत्र से प्रारंभ होगा। लाइवलीहुड कॉलेज में अंग्रेजी माध्यम की क्लासेज लगेंगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिससे शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पूर्व सारी तैयारी पूरी की जा सके। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य सरकार ने कमजोर वर्ग एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरुआत की है। जिसका लाभ प्रदेश में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उठा रहे हैं। स्कूली शिक्षा के साथ अब अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए योजना को विस्तार देते हुए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज अगले शिक्षा सत्र से खोले जा रहे हैं। जिससे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढऩे वाले बच्चों को अब 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी।

सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने ली बैठक

रायगढ़। प्रदेश अहवान के तहत जिला मुख्यालय रायगढ में दिनांक 06-02-2023 को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला रायगढ़ के तत्वाधान में एकसूत्रिय मांग को लेकर स्थानीय मिनी स्टेडियम रायगढ़, तहसील मुख्यालय में अनिश्चितकालीन विरोध/धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मांगपूर्ति के अभाव में दिनांक 11-02-2023 को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की योजना को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 10-02-2023 को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं छ0ग0 सहायक शिक्षक फेडरेशन के मध्य बैठक रखी गई थी जिसमें छ0ग0 सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित थे जिनको समझाईश दिया गया जिनके द्वारा मात्र 20-25 पदाधिकारी रायपुर जाने की बात कही गई। फिर भी सुरक्षा के लिहाज से रेल्वे स्टेशन रायगढ़, भूपदेवपुर, खरसिया एवं छातामुड़ा चौक, मिनीमाता चौक, कोसमनारा चौक, घरघोड़ा-धरमजयगढ़-रायगढ़-खरसिया-पुसौर के हाईवे रोड में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

लंबे समय तक होटल व लाज में रुकने वाले लोगों की होटल संचालकों को देनी होगी जानकारी

❐ होटल, मैरिज गार्डन व डीजे संचालकों की एडिशनल एसपी ने ली बैठक

❐ बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर डीजे वालों को गाइडलाइन पालन का निर्देश

रायगढ़। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संजय महादेवा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर शहर के होटल, लॉज, धर्मशाला, ढाबा, मैरिज गार्डन, डीजे संचालकों तथा देर रात तक अपनी संस्थान खोले रखने वाले संचालकों के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक लिया गया। बैठक में एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, तहसीलदार रायगढ़ तृप्ति चंद्रा तथा शहर के थाना प्रभारी एवं करीब 60-65 की संख्या में संचालकगण उपस्थित थे। एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा होटल, ढाबा, लाज संचालकों से कहा गया कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार अपनी संस्थान खुले रखें , संस्थान में किसी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियां संचालित ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जैसे कि पहले भी संचालकों के साथ मीटिंग में रात्रि 10:00 बजे तक संस्थान बंद करने के निर्देश हैं किंतु देखा गया है कि कई दुकानें देर रात तक खुली रहती है ऐसे में उन पर संस्थान पर पुलिस व प्रशासन कार्यवाही करेगी। उन्होंने लाज, धर्मशाला में लंबे समय तक रुकने वाले मुसाफिरों के संबंध में संचालकों से स्पष्ट कहा कि ऐसे मुसाफिरों की जानकारी संचालक संबंधित थाने को देवें। इसकी जिम्मेदारी होटल ढाबा संचालक की होगी। डीजे संचालकों से एडिशनल एसपी ने कहां की वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली है शादी, जुलूस जैसे कार्यक्रमों में वर्जित स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का डेसीबल कम रखें। एसडीएम गगन शर्मा बताए कि बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रतिबंधित रहेंगे, आदेशों का पालन किया जाए। मीटिंग में तैयार एजेंडा का पालन करने का निर्देश होटल ढाबा लाज संचालकों को दिया गया है।

इन बिंदुओं पर संचालकों से के साथ हुई चर्चा, दिए गए निर्देश

1. होटल, लॉज, धर्मशाला में रूम दिये जाने के पूर्व आगंतुक से वैध पहचान पत्र, मोबाइल नंबर, पूर्ण पता, आने का प्रयोजन की जानकारी लेकर ही रूम दिया जावे।

2. होटल, लॉज, धर्मशाला में कई दिनों तक ठहरे व्यक्ति को संबंधित थानों में मुसाफिरी दर्ज कराने की जिम्मेदारी संचालक की होगी।

3. सभी संचालक सुनिश्चित करेंगे कि रात्रि 10.00 बजे तक कार्यक्रम समाप्त हो जावें।

4. सार्वजनिक संस्थानों में शराब सेवन की मनाही है, शराब सेवन अथवा अन्य किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां संचालित ना हो।

5. कार्यक्रम में सम्मिलित होने आये व्यक्तियों का वाहन व्यवस्थित हो, इसके लिये संचालक कर्मचारी लगायेंगे, अन्यथा संचालक पर कार्रवाई की जावेगी।

6. संस्थान में आयोजित मीटिंग, सम्मेलन आदि के माध्यम से धर्मांतरण अथवा धार्मिक उन्माद फैलाने की जानकारी मिलने पर तत्काल अवगत करावें।

7. डीजे में साउंड बाक्स की संख्या 6 से अधिक ना हो, ध्वनि निर्धारित डिसबल से अधिक ना रखे।

8. शादी व अन्य कार्यक्रमों में सड़क पर डीजे ले जाते समय बिजली के तारों को ध्यान रखें, यातायात प्रभावित ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जावें।

9. वर्जित क्षेत्रों जैसे- अस्पताल, शिक्षण संस्थान से 100 मीटर की दूरी पर मानक से कम आवाज पर डीजे का प्रयोग किया जावे।

10. सुरक्षा की दृष्टि से संस्थान में पर्याप्त और अच्छे गुणवत्ता/स्टोरेज के सीसीटीवी कैमरे लगावें।

11. स्कूलों में परीक्षा प्रारंभ होने वाली है, डीजे संचालक जिला प्रशासन के नियमों का पालन करें।

कोतबा रोड पर नाकेबंदी कर पुलिस ने पकड़ा बोलेरो में गांजा तस्करी करते दो तस्कर

❐ आरोपियों के कब्जे से 15 किलो गांजा बरामद

❐ वाहन और गांजा जप्त कर लैलूंगा पुलिस की एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में जिले की पुलिसिंग में बेहद कसावट देखी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा ओडिशा सीमा से सटे थाने लैलूंगा, तमनार, चक्रधरनगर, पुसौर प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी होने की संभावना को लेकर तस्करों पर मुखबिर लगाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है जिस पर थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर सक्रिय कर सूचनाएं ली जा रही है। इसी क्रम में आज सुबह नव पदस्थ थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से एक ओडिशा पासिंग बोलेरो में दो गांजा तस्कर गांजा लेकर लैलूंगा की ओर निकले हैं। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर कोतबा मार्ग पर नाकेबंदी कर बोलेरो वाहन पर गांजा तस्करी करते पकड़ा गया है। वाहन चला रहा आरोपी अपना नाम दिवाकर साहू तथा उसके साथ बैठा व्यक्ति अपना नाम नरेश साहू दोनों निवासी बलांगीर उड़ीसा के रहने वाले बताएं। आरोपियों के कब्जे से 15 किलो गांजा कीमत रु.180000 जप्त कर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। एसडीओपी धर्मजयगढ़ के मार्गदर्शन पर गांजा रेड कार्यवाही में उप निरीक्षक रमाशंकर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, टी.आर. खुटिया, आरक्षक प्रमोद भगत, हेलारियुस शामिल थे।

नजूल पट्टे का नवीनीकरण व भूमि स्वामी हक लेने 20 से 25 फरवरी तक लगेंगे शिविर

❐ शहर में विभिन्न स्थानों में लगेंगे शिविर, सुबह 10.30 से शाम 5.30 तक लिये जायेंगे आवेदन

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर रायगढ़ जिला अंतर्गत स्थायी नजूल पट्टों जिनकी नवीनीकरण अवधि समाप्त हो गई है ऐसे नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं भूमि स्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु 20 से 25 फरवरी के बीच राजस्व विभाग द्वारा रायगढ़ शहर में शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रात: 10.30 से शाम 5.30 के बीच शिविर में आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए विशेष दल का गठन किया गया है।

कलेक्टर नजूल शाखा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के जिन जगहों पर नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं भूमि स्वामी हक प्रदाय के शिविर लगाये जायेंगे इनमें नजूल शीट/नजूल ग्राम 43, 44 के लिए 20 एवं 21 फरवरी 2023 को अग्रोहा भवन रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा,जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल खेमराज पटेल, योगेश पटेल एवं उषा महतो तथा सहायक ग्रेड-3 उत्तम कुमार निषाद, चैनमेन योगेश कुमार सारथी एवं अम्बिका गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

इसी तरह नजूल शीट/नजूल ग्राम 40, 41 एवं 42 के लिए 20 एवं 21 फरवरी को केवड़ाबाड़ी स्कूल रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल शास्ति प्रधान, मनोज कुमार पटेल एवं टीकाराम राठिया, सहायक ग्रेड-2 डी.पी.जायसवाल, चैनमेन नीरज पैंकरा एवं विकास मानिकपुरी उपस्थित रहेंगे। नजूल शीट/नजूल ग्राम 56, 57 एवं 58 के लिए 22 एवं 23 फरवरी को देवांगन धर्मशाला रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल अशोक साहू, सोहिता बाजपेयी, सहायक ग्रेड-2 महेश राम साहू एवं चैनमेन योगेश कुमार सारथी उपस्थित रहेंगे। नजूल शीट/नजूल ग्राम 53, 54, 55, 69, 70 के लिए 22 एवं 23 फरवरी को रविशंकर प्राथमिक शाला चांदमारी, रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल उषा महतो, टीकाराम राठिया, सहायक ग्रेड-2 डी.पी.जायसवाल, चैनमेन नीरज पैकरा एवं विकास मानिकपुरी उपस्थित रहेंगे। नजूल शीट/नजूल ग्राम 45, 46, 59 एवं 60 के लिए 22 एवं 23 फरवरी को ललित स्कूल जेलपारा, रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल खेमराज पटेल, योगेश पटेल, सहायक ग्रेड-3 उत्तम कुमार निषाद एवं चैनमेन अम्बिका गुप्ता उपस्थित रहेंगे। नजूल शीट/नजूल ग्राम 56, 57 (बेलादुला) 71, 72 एवं 73 के लिए 24 एवं 25 फरवरी को सिंधी धर्मशाला टेलीफोन ऑफिस के पास, रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल अशोक साहू, सोहिता बाजपेयी, सहायक ग्रेड-2 महेश राम साहू एवं चैनमेन योगेश कुमार सारथी उपस्थित रहेंगे।

नजूल शीट/नजूल ग्राम 32, 33 एवं 34 के लिए 24 एवं 25 फरवरी को पुराना विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिविल लाईन के पास, रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल शास्ति प्रधान, मनोज कुमार पटेल, सहायक ग्रेड-2 डी.पी. जायसवाल एवं चैनमेन विकास मानिकपुरी उपस्थित रहेंगे। नजूल शीट/नजूल ग्राम 29, 30 एवं 31 के लिए 24 एवं 25 फरवरी को दादुद्वारा धर्मशाला, रायगढ़ में शिविर लगाया जाएगा, जिनमें राजस्व निरीक्षक नजूल उषा महतो, टीकाराम राठिया, सहायक ग्रेड-3 उत्तम कुमार निषाद, चैनमैन नीरज पैकरा एवं अम्बिका प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

विधायक ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

❐ जिले को फाईलेरिया मुक्त बनाने मिश्रित दवाईयों का करें सेवन- विधायक प्रकाश नायक

रायगढ़। जिले को फाईलेरिया (हाथी पाँव)से मुक्त कराने के लिये आज 10 फरवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा नटवर स्कूल में सामुहिक दवा सेवन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश नायक ने बच्चों को दवा सेवन करवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में रायगढ़ जिले को फाइलेरिया मुक्त के लिए चिन्हांकित किया गया है। जिससे पता चलता है कि हमारा जिला फाइलेरिया से सबसे अधिक प्रभावित है। यह एक विशेष मच्छर क्यूलेक्स के काटने से होता है, यह लाइलाज बीमारी है और बचाव ही इसका उपाय है। यही कारण है आप सभी बच्चे अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें और दवा सेवन के लिए प्रोत्साहित करें। जिस प्रकार हमने कोविड में वेक्सीनेशन कराकर कोरोना को मात दी है, उसी प्रकार आज जिले को फाईलेरिया से मुक्त कराने के लिए हम सभी को मिश्रित दवा का सेवन करना होगा। इस मौके पर विधायक प्रकाश नायक ने लोगों को फाइलेरिया (हाथी पाँव) से बचाव के संबंध तैयार की गई जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कहा कि फाइलेरिया मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामूहिक दवा सेवन करवाया जा रहा है। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के तहत शहरी, ग्रामीण, पीएचसी, सीएचसी एवं आंगनबाडिय़ों में दवा सेवन करवाया जायेगा, इसके साथ ही सभी आयु वर्ग के ग्रामीणों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने फाइलेरिया के लक्षण व बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ.ठाकुर एवं डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा ने स्वयं दवाई का सेवन कर दवाई को सुरक्षित बताया व सबको दवाई लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डॉ.जी.जे.राव, डॉ.कृष्णमूर्ति कामले, परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस. टोप्पो, सीईओ जनपद रायगढ़ पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, सीपीएम पी.डी.बस्तियां, डॉ.योगेश पटेल, नटवर स्कूल प्राचार्य वर्गीस एवं स्कूल शिक्षकगण उपस्थित रहे।

पेंशन योजनाओं की जानकारी देने हुई कार्यशाला

रायगढ़। राज्य सरकार द्वारा शासकीय सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने एवं एनपीएस में यथावत बने रहने के विकल्प का प्रावधान किया गया है। जिसके संबंध में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में किया गया।

इस मौके पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि शासन की पहल पर ओल्ड पेंशन और न्यू पेंशन स्कीम के बीच के तुलनात्मक बिंदुओं के आधार पर जानकारी देने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से कहा कि सभी तथ्यों के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर अपने कर्मचारियों को बताएं। जिससे दोनों स्कीम के बीच विकल्प चुनने में उन्हें आसानी हो। उन्होंने यह कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने की बात कही। इसी के साथ उन्होंने सेवा निवृत हो रहे अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण के निराकरण की कार्यवाही पहले से करके रखने के लिए कहा। जिससे सेवानिवृत्ति के दिनांक पर उनके दावों और स्वत्वों का भुगतान किया जा सका और पेंशनर को अनावश्यक परेशानी न उठाना पड़े।

कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बी.एस.मंडावी के द्वारा पुरानी एवं नई पेंशन योजना का तुलनात्मक जानकारी प्रदान करते हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों के शंकाओं को दूर किया गया। विदित है कि राज्य सरकार ने नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना लागू की है और इसकी क्रियान्वयन हेतु वित्त विभाग ने वित्त निर्देश 2/2023 एवं 3/2023 जारी कर किया गया ओपीएस एवं एनपीएस की विकल्प चयन की अंतिम तिथि 24 फरवरी निर्धारित की गई है। कार्यशाला में जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्थ, डिप्टी कलेक्टर रूपेंद्र पटेल, सहायक कोषालय अधिकारी शिवकुंवर ठाकुर, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेंद्र चन्द्रा, सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल : दो पालियों में होगी परीक्षा, बनाए गए 37 परीक्षा केन्द्र

❐ परीक्षा के सफल संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 दिन-रविवार 12 फरवरी 2023 को दो पालियों में प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को नोडल अधिकारी बनाये गये है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर मोबा.नं. 81034-74124 तथा रामकुमार चौहान मोबा.नं. 88711-65417 को सहायक नोडल अधिकारी बनाये गये है। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए रायगढ़ में 37 परीक्षा केन्द्रों के लिए 3 सदस्यीय उडऩदस्ता दल का कुल 13 दल का गठन किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में परीक्षा केन्द्रों के सभी केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान प्राचार्य राजेश डेनियल द्वारा केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में उपस्थित केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन से संबंधित आशंका व उनके बीच आने वाली व्यवहारिक समस्याओं का समाधान भी किया गया।

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा में प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश- ऐसे सभी परीक्षार्थियों को जिनके पास परीक्षा केन्द्र के लिए आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाईन प्रवेश पत्र है, उन्हें ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिलेगा। जिन परीक्षार्थियों के पास प्रवेश-पत्र पर फोटो नहीं है तथा उपस्थिति सूची में भी फोटो नहीं है, ऐसे परीक्षार्थी से दो पासपोर्ट साईज फोटो प्राप्त कर तथा परीक्षार्थी से उसका मिलान कर एक फोटो प्रवेश पत्र में तथा दूसरा फोटो उपस्थिति सूची में चस्पा करें तथा दोनों फोटो पर परीक्षा केन्द्र की सील लगाकर परीक्षार्थी को परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में विशेष सावधानी रखते हुए परीक्षार्थी के आधार कार्ड का भी मिलान, उसके फोटो से कर लें। जिन परीक्षार्थी के पास प्रवेश-पत्र नहीं तथा उनका नाम रोल-लिस्ट में भी नहीं है, उन्हें प्रवेश नहीं दें। परीक्षार्थी के हस्ताक्षर या फोटो में अंतर होने पर उक्त तथ्य को तत्काल केन्द्राध्यक्ष के ध्यान में लाये। जिनके द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन केन्द्राध्यक्ष आयोग को पृथक से प्रेषित करेंगे। प्रवेश-पत्र में दिए गए परीक्षार्थी के लिए निर्देश/अनुदेश मान्य नहीं किये जायेंगे। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सहायक केन्द्राध्यक्ष सर्वसाधारण (परीक्षार्थियों)को परीक्षा परिसर में प्रतिबंधित वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रानिक या अन्य किसी प्रकार के कैलकुलेटर्स, मोबाइल फोन जैसे कि आईटी गैजेट्स, पेजर्स, ब्लूटूथ डिवाईस या अन्य संचार उपकरणों को लाना वर्जित रहेगा।

बनाये गये परीक्षा केन्द्र- राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए रायगढ़ में 37 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इनमें परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1632-वैदिक इंटरनेशनल स्कूल मेन रोड पटेलपाल रायगढ़, 1636-उत्तम मेमोरियल कालेज, पटेलपाली कृषि उपज मंडी पटेलपाली रायगढ़, 1637-स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ातराई रायगढ़, 1617-ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली खरसिया रोड रायगढ़, 1625-शा.उ.मा.वि.किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1634-शा.हाई स्कूल गोरखा रायगढ़, 1622-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती, हा.से.स्कूल पुरानी भवन किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1623-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती, हा.से.स्कूल नया भवन, किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1624-जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती, हा.से.स्कूल ज्ञानार्थ भवन किरोड़ीमल नगर रायगढ़, 1605-गुरू द्रोण हायर सेकेण्डरी स्कूल टीवी टॉवर के पास रायगढ़, 1620-संस्कार पब्लिक स्कूल कबीर चौक, ओड़िसा रोड रायगढ़, 1628-इंडियन स्कूल अतरमुड़ा रायगढ़, 1606-शा.नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़, 1612-सेठ किरोड़ीमल आदर्श उ.मा.स्कूल बालमंदिर रायगढ़, 1631-पीडी शा.कामर्स एण्ड आर्ट्स कालेज रायगढ़, 1609-सेन्ट तेरेसा शालिनी कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़, 1626-मुक्ति प्रकाश शालिनी, हा.से. स्कूल बोईरदादर, रायगढ़, 1635-महर्षि विद्या मंदिर, हायर सेकेण्डरी स्कूल विजयपुर रायगढ़, 1607-शा.कन्या उ.मा.वि.कोष्टापारा रायगढ़, 1610-शा.उ.मा. वि.जूटमिल रायगढ़, 1621-मां सर्वेश्वरी हा.से.स्कूल जूटमिल रायगढ़, 1629-संत माईकल इंग्लिश मीडियम स्कूल रामभांठा रायगढ़, 1630-संत माईकल हा.से. स्कूल रामभांठा रायगढ़, 1633-शा.हाईस्कूल केवड़ाबाड़ी रायगढ़, 1601-कि.शा.कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, 1602-कि. शा.पाली चक्रधर नगर रायगढ़, 1603-शा.उ.मा.वि.चक्रधर नगर रायगढ़, 1608-शा.हाई.स्कूल चांदमारी रायगढ़, 1619-शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल उर्दना, 1615-कार्मेल गल्र्स हा.से.स्कूल हिन्दी मीडियम रायगढ़, 1616-कार्मेल कान्वेट सीनियर से.स्कूल इंग्लिश मीडियम रायगढ़, 1613-सेन्ट जेवियर स्कूल कैथोलिक आश्रम, बोईरदादर रायगढ़ 1618-लोकमान्य तिलक, हा.से. स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 1627-सांई बाबा आदर्श हा.से.स्कूल कसेर पारा रायगढ़ चक्रधर नगर के पास, 1604-स्वामी बाल कृष्णपुरी लॉ कालेज रायगढ़, 1611-केएमटी शास.कन्या महाविद्यालय रायगढ़ तथा 1614-सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480